Cancer Council

HINDI
हिन्दी

# कुछ ऐसे प्रश्न जो आप अपने डॉक्टर से पूछना चाहेंगे/गी

*कैंसर से पीड़ित लोगों के लिए मार्गदर्शिका*

Questions to Ask Your Doctor

**यह जानना आपके लिए बहुत भाव विह्वल हो सकता है कि आप कैंसर से पीड़ित है। इस फैक्ट शीट में कुछ ऐसे प्रश्न दिए गए हैं जो आप अपनी कैंसर केयर टीम से पूछना चाहेंगे/गी।**

## कुछ ऐसे प्रश्न जो आप अपने डॉक्टर से पूछना चाहेंगे/गी

अपनी आवश्यकतानुसार सभी प्रश्न पूछें। अपने प्रश्नों का उत्तर मिलने से आपको सूचित निर्णय लेने में मदद मिलती है।

### आपका निदान

- मैं किस प्रकार के कैंसर से पीड़ित हूँ?
- क्या कैंसर फैल गया है? यदि हाँ, तो यह कहाँ फैला है? यह कितनी तेज़ी से फैल रहा है?
- कैंसर किस स्टेज में है? इसका क्या अर्थ है?
- इस प्रकार के कैंसर के लिए कौन से नवीनतम टेस्ट  और उपचार उपलब्ध हैं? मैं इन्हें कहाँ से प्राप्त कर सकता हूँ?
- मुझे कौन से  मेडिकल पेशेवरों से मिलना होगा?
- क्या मेरी भाषा बोलने वाले लोगों के लिए कोई कैंसर सहायता समूह उपलब्ध है?

### टेस्ट करवाना

- मुझे कौन से टेस्ट करवाने होंगे? टेस्ट में क्या होगा?
- टेस्ट के परिणामों से हमें क्या पता चलेगा? इन परिणामों से मुझे दिए जाने वाले उपचार पर क्या प्रभाव होगा?
- इन टेस्टों के लाभ और जोखिम क्या हैं?

### उपचार के बारे में

- क्या आप मेरी उपचार योजना के बारे में बता सकते हैं? उपचार का उद्देश्य क्या है?
- क्या मैं उपचार के दौरान काम कर पाऊँगा/गी?
- यदि इस उपचार से कोई लाभ नहीं होता है तो क्या होगा?
- मुझे कितने समय तक उपचार करवाना होगा?
- मेरा उपचार कहाँ होगा?
- मुझे कैसे पता चलेगा कि उपचार से लाभ हो रहा है? मुझे कब पता चलेगा?
- उपचार में कितना खर्चा होगा? क्या यह मेडिकेयर या प्राइवेट स्वास्थ्य बीमा में कवर होगा?
- पब्लिक और प्राइवेट कैंसर उपचार में क्या अंतर है?
- क्या मैं किसी अन्य से सलाह ले सकता/ती हूँ?
- यदि इस उपचार से कोई लाभ नहीं होता है तो क्या होगा?

### संभावित दुष्प्रभाव

- हर उपचार के क्या संभावित दुष्प्रभाव हो सकते हैं? इनका प्रबंधन कैसे किया जा सकता है?
- दुष्प्रभाव कितने समय तक रहेंगे?
- क्या दुष्प्रभावों में कोई सुधार होगा या फिर यह लंबे समय तक रहेंगे?
- यदि मुझ पर कोई दुष्प्रभाव होता है तो उपचार के दौरान मैं किससे बात कर सकता/ती हूँ?
- ऐसे कौन से दुष्प्रभाव हैं जिनके बारे में मुझे अपनी उपचार टीम को शीघ्र बताना चाहिए?
- क्या कोई ऐसी दवा है जिसे मैं दुष्प्रभावों को रोकने या कम करने के लिए ले सकता/ती हूँ?
- क्या कोई ऐसी कॉम्प्लिमेंट्री थेरपी उपलब्ध है जिससे मुझे मदद मिल सकती है?

### उपचार समाप्त होने के बाद

- उपचार समाप्त होने के बाद मुझे कितनी बार चेक-अप करवाना होगा?
- चेक-अप अपॉइंटमेंट के लिए मुझे किससे मिलना होगा?
- यदि मैं कैंसर से दोबारा पीड़ित हो जाता/ती हूँ, तो मुझे कैसे पता चलेगा? मैं कौन सा उपचार करवा सकता/ती हूँ?

### यदि एडवांस्ड (विकसित) कैंसर का निदान होता है

- एडवांस्ड कैंसर के उपचार का उद्देश्य क्या है?
- क्या कोई ऐसे नए उपचार उपलब्ध है जिनका उपयोग मैं कर सकता/ती हूँ? क्या इन उपचारों से मेरे ठीक होने की संभावना बढ़ेगी?
- मैं अपने लक्षणों से राहत पाने के लिए कौन से उपचार या देखभाल प्राप्त कर सकता/ती हूँ?
- यदि मेरा परिवार और मेरे मित्र घर पर मेरी देखभाल करते हैं, तो उन्हें क्या मदद मिल सकती है?
- क्या आप मेरे परिवार को यह बताने में मेरी मदद कर सकते हैं कि क्या हो रहा है?

## अपने डॉक्टर से कैसे बात करें

अपने डॉक्टर के साथ उपचार से पहले, इसके दौरान और बाद में निर्धारित अपॉइंटमेंट का अधिकतम लाभ उठाने के लिए, आप ये कर सकते/ती हैं:

### लंबे समय वाली अपॉइंटमेंट बुक करें

यदि आप कई बातों पर विचार-विमर्श करना चाहते/ती हैं, तो लंबे समय वाली अपॉइंटमेंट के लिए अनुरोध करें।

### प्रश्नों की सूची बनाएँ

अपॉइंटमेंट से पहले ही अपने प्रश्न लिख लें।

### सहायक व्यक्ति को साथ ले जाएँ

मदद के लिए या जानकारी लिखने के लिए परिवार के किसी सदस्य या मित्र को साथ ले जाएँ।

### बातचीत रिकॉर्ड करें

अपने डॉक्टर से पूछें कि क्या आप बातचीत रिकॉर्ड कर सकते/ती हैं।

### और अधिक जानकारी प्राप्त करें

इस बारे में पूछें कि टेस्ट और उपचार के बारे में और अधिक जानकारी कहाँ से मिलेगी।

### दुभाषिया के लिए पूछें

पता करें कि यदि आपका डॉक्टर किसी दुभाषिए का प्रबंध कर सकता है।

## क्लिनिकल ट्रायल में भाग लेना

आपकी मेडिकल टीम आपको क्लिनिकल ट्रायल में भाग लेने का सुझाव दे सकती है। क्लिनिकल ट्रायल में नए या संशोधित उपचारों और बीमारी का निदान करने के तरीकों का परीक्षण किया जाता है। क्लिनिकल ट्रायल के बारे में पूछे जाने वाले कुछ प्रश्न:

- क्लिनिकल ट्रायल में भाग लेने का क्या अर्थ है?
- क्या मेरे लिए कोई उचित क्लिनिकल ट्रायल उपलब्ध है?
- मुझे क्लिनिकल ट्रायल में भाग लेते हुए क्या करना होगा?
- मुझे इससे क्या लाभ और जोखिम हो सकते हैं?
- क्या मुझे क्लिनिकल ट्रायल में भाग लेने से मना करने का अधिकार है?
- क्या मैं किसी भी समय क्लिनिकल ट्रायल से नाम वापस ले सकता/ती हूँ?
- क्या इस प्रकार के अध्ययन मेरे लिए या दूसरों के लिए महत्वपूर्ण हैं?

## अपनी भाषा में मदद और जानकारी कहाँ से प्राप्त करें

- **Cancer Council को 13 11 20 पर कॉल करें।** हम आपको दुभाषिया सेवाओं से जोड़ सकते हैं और आपकी भाषा में संसाधन भी दे सकते हैं।
- **TIS नेशनल को 131 450 पर कॉल करें।** यह निशुल्क दुभाषिया सेवा है जो आपको अपनी मेडिकल अपॉइंटमेंट के लिए या Cancer Council से संपर्क करने के लिए किसी दुभाषिए से जोड़ सकती है।

► **How to find this resource in English and other languages.** Visit our multilingual hub at cancercouncil.com.au/multilingual or scan this QR code.

SCAN ME

**अभिस्वीकृति**
इस फैक्ट शीट को Cancer Council NSW ने Cancer Council Australia की Understanding Cancer serie (कैंसर को समझना) श्रृंखला से मिली जानकारी को स्रोत-सामग्री के तौर पर उपयोग करके बनाया है। हम इस जानकारी पर काम करने वाले सभी स्वास्थ्य पेशेवरों और उपभोक्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हैं।

इस फैक्ट शीट के लिए विशेषज्ञ और उपभोक्ता समीक्षकों की सूची के लिए हमारी वेबसाइट देखें।

**पाठकों के लिए ध्यान रखने योग्य बात**
अपने स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले मामलों के बारे में सदैव अपने डॉक्टर से सलाह लें। यह फैक्ट शीट सामान्य जानकारी के तौर पर बनाई गई है और यह किसी भी प्रकार की पेशेवर मेडिकल, कानूनी या वित्तीय सलाह का विकल्प नहीं है। मेडिकल और अनुसंधान समुदायों द्वारा कैंसर के बारे में जानकारी को हमेशा अपडेट और संशोधित किया जाता है। हालांकि प्रकाशन के समय सटीकता सुनिश्चित करने पर पूरा ध्यान दिया गया है, लेकिन Cancer Council Australia और इसके सदस्य इस फैक्ट शीट में दी गई जानकारी के उपयोग या निर्भरता से होने वाली किसी भी चोट, हानि या क्षति के लिए सभी दायित्वों से मुक्त हैं।

इस अनुवाद को NSW के लोगों की उदारता से धन-राशि प्राप्त है। Cancer Council की सहायता करने के लिए, 1300 780 113 पर कॉल करें या cancercouncil.com.au पर जाएँ।

*Cancer Council NSW पूरे ऑस्ट्रेलिया में देश के पारंपरिक मालिकों और भूमि, समुद्र और समुदायों के साथ उनके निरंतर जुड़ाव को मान्यता प्रदान करता है। हम एबोरिजिनल और टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर संस्कृति और भूतपूर्व और वर्तमान बुजुर्गों के प्रति अपना सम्मान प्रकट करते हैं।*

Cancer Council

CAN26623 06/25 © Cancer Council Australia 2025